>

Title: Request the government to directly purchase stubble/stwars of Maize, Catton, Wheat and Paddy crops to check its burning in Punjab.

डॉ. अमर सिंह (फतेहगढ़ साहिब): अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं पंजाब और हिन्दुस्तान के लिए एक सजेशन देना चाहता हूं । पंजाब सारे हिन्दुस्तान का अन्नदाता है, लेकिन अब उसका पानी ही अकेला नीचे नहीं गया, उसकी सॉयल कैमिकल फर्टिलाइजर और पेस्टिसाइड के कारण जहर बन गई है । जो वायु प्रदूषण हो रहा है और स्टबल बर्निंग हो रही है, सारा हिन्दुस्तान कहता है कि ये पंजाब और हरियाणा कर रहे हैं । इसका एक सॉलूशन, जो भारत सरकार की बॉयो फ्यूल्स की पॉलिसी है, जिसको वर्ष 2018 में केंद्र सरकार ने बनाई थी । खाद्य मंत्री जी बैठे हैं, मेरा आपसे निवेदन है, पंजाब के मुख्य मंत्री जी प्रधान मंत्री जी और खाद्य मंत्री जी को निवेदन कर रहे हैं कि हमें आप अलाऊ कर दीजिए, मेज, कॉटन और जैसे आप एक-एक दाना गेहूं और पैडी का खरीदते हैं, वैसे ही खरीद लीजिए । इससे पंजाब भी बच जाएगा और हिन्दुस्तान भी बच जाएगा ।